आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 12.07.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की रिपोर्ट जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध।
- बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना कल।
- 24 जुलाई से शुरू होंगे स्टेट गेम्स।
- राज्य में परिवारों का विश्वसनीय डेटा तैयार करने के लिए परिवार पहचान पत्र बनाये जाएंगे।

यू०सी०सी

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की रिपोर्ट आज से आम जनता के लिए उपलब्ध है। नियम एवं क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने विशेषज्ञ समिति समान नागरिक संहिता उत्तराखंड की रिपोर्ट जारी की। यह 4 खंडों में उपलब्ध है। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट वेबसाइट ucc.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

गौरतलब है कि उत्तराखण्ड सरकार ने विधानसभा में लगभग दस घंटे की चर्चा के बाद सात फरवरी को समान नागरिक संहित विधेयक को पास किया था और 12 मार्च को राष्ट्रपति ने यूसीसी विधेयक को मंजूरी दी थी।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यू०सी०सी लागू होने के बाद अनेक कानूनों में जो आज जटिलताएं हैं वह सरल होंगी, लोगों को आसानी से न्याय मिलेगा और सबके लिए एक जैसी व्यवस्था होगी।

## <u>मतगणना</u>

चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के बाद कल मतगणना की जाएगी। बदरीनाथ सीट पर चार और हरिद्वार सीट पर छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मतगणना से पहले सभी ई.वी.एम मशीनों को त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखा गया है और सी०सी०टी०वी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। चमोली में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में सुबह 8 बजे से मतगणना की जाएगी। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 7 टेबल लगाई गई है। साढ़े आठ बजे से ईवीएम मतो की गणना शुरू की जाएगी।

## <u>पी.सी.एस परीक्षा</u>

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2024 (पी०सी०एस) का आयोजन रविवार को प्रदेश के 405 केन्द्रों पर दो पाली में किया जाएगा। आयोग द्वारा परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और शुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आयोग और शासन ने सुरक्षा और गोपनीयता से संबन्धित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों और उनके निकटवर्ती स्थानों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आयोग ने परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं और अफवाहों से दूर रहें। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग या परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रयास करने वालों के विरुद्ध उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा नकल विरोधी अधिनियम–2023 व अन्य संगत कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति को उत्तराखण्ड में 5 हजार से अधिक गांवों में टीबी मुक्त अभियान की प्रगति की जानकारी दी। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को बताया कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की उन्नति के लिए नवाचार युक्त प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को नैनीताल राजभवन के 125 वर्ष पूरा होने के अवसर पर नैनीताल राजभवन और मानसखण्ड भ्रमण के लिए आमंत्रित किया।

गिरफ्तार

नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य अहसानुल हक और उपप्रधानाचार्य इम्तियाज सहित चार लोगों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई ने 28 जून को इन्हें गिरफ्तार किया था। जांच से पता चला कि पटना में खेमनीचक प्ले स्कूल से जब्त आंशिक रूप से जले प्रश्न पत्र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से प्राप्त प्रश्नपत्र से मिलते हैं। इस प्रश्नपत्र की श्रृंखला को हजारीबाग के कल्लू चौक में स्थित ओएसिस स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर भेजा गया था।

राज्य खेल

खेल विभाग ने 38वें राष्ट्रीय खेलों से पहले होने वाले राज्य खेल की तिथि जारी कर दी है। राज्य खेल यानि स्टेट गेम्स का उद्घाटन 24 जुलाई को देहरादून के परेड ग्राउंड से किया जाएगा। इस बार योग को भी खेल में शामिल किया जा रहा है। इसके बाद पहले चरण में 24 से 29 जुलाई तक देहरादून में बैडमिंटन, टीटी, बास्केटबाल, जूडो, जिम्नास्टिक, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बाक्सिंग व वुशु प्रतियोगिताएं होंगी। प्रदेश में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहले 34 खेल शामिल किए गए थे। अब इसकी संख्या बढ़ाकर 40 कर दी गई है। प्रदेश के छह जिलों देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर व चंपावत

जिले में राष्ट्रीय खेलों से पहले राज्य खेल का आयोजन किये जाएंगे। इन खेलों में प्रदर्शन के आधार पर उत्तराखंड की 40 खेलों में अलग–अलग बालक व बालिका वर्ग की टीमें चुनी जाएंगी।

## परिवार पहचान पत्र

राज्य में परिवार पहचान पत्र बनाये जाएंगे। परिवार पहचान पत्र का उद्देश्य प्रत्येक परिवार के लिए एक विशिष्ट पहचान के साथ परिवारों का सत्यापित, प्रमाणिक और विश्वसनीय डेटा तैयार करना है। इसे मौजूदा केंद्रीय और राज्य सरकार की सेवाओं और लाभों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए वित्त व्यय समिति ने 20 करोड़ की धनराशि मंजूर की है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि परिवार पहचान पत्र की विशेष आईडी से जाति व अन्य प्रमाण पत्र तुरंत जारी हो सकेंगे। पहचान पत्र की सहायता से गहन विश्लेषण और सत्यापन के जरिये विभिन्न सेवाओं का गलत तरीके से लाभ ले रहे लोगों की पहचान की जा सकेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि परिवार पहचान पत्र आवासीय पते के प्रमाण के रूप में काम करेगा।

## ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल

चारधाम तीर्थयात्री अब ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल पर अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता– आभा बना सकते हैं। उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल शुरू किया है। इससे यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की एक साथ यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ई–स्वास्थ्य अब तक, 65 करोड से अधिक आभा खाते बनाए जा चुके हैं।

## यातायात सुचारू

बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग चमोली जिले के जोशीमठ के पास पैदल यात्रा और दोपहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया है। साथ ही सीमा सड़क संगठन की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही सुचारु करने के लिये सुधारीकरण कार्य किया जा रहा

है। प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों के आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। पैदल आवाजाही कर रहे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए मौके पर एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। उधर गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम की ओर जाने वाली सभी सड़कें आवाजाही के लिए खुली हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

बग्वाल मेला

चम्पावत जिले का प्रसिद्ध मां बाराही धाम देवीधुरा मेला इस वर्ष 16 अगस्त से शुरू होगा। मेले की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि बग्वाल मेला इस वर्ष 16 अगस्त से लेकर 26 अगस्त तक मनाया जाएगा। मेले में मुख्य बहुउद्देशीय शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को एक मेले से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण

स्वास्थ्य विभाग ने आज रूद्रप्रयाग में जिला मुख्यालय में संचालित सभी निजी पैथोलॉजी लैबों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी लैबों से पंजीकरण प्रमाणपत्र, पैथोलॉजिस्ट, लैब टेक्नीशियन और ब्लड कलेक्शन आदि की जानकारी ली गई। इस दौरान एक पैथोलॉजी लैब का पंजीकरण समाप्त पाए जाने और एक पैथोलॉजी लैब के टेक्नीशियन का मेडिकल काउंसिल लैब टेक्नीशियन का पंजीकरण न पाए जाने पर संबंधित लैब के संचालक को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री उदीयमान

ऋषिकेश के राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छह विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता के माध्यम से मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के लिए आठ से 14 वर्ष की आयु के बच्चों का चयन किया गया। चयनित छात्रों को योजना के अंतर्गत पन्द्रह सो रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी।

प्रवेश

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना परिसर में सभी संकायों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। कॉलेज में सभी कक्षाओं में रिक्त सीट पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।